कोर कालेज में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र चेतना

रुड़की। हरिद्वार रोड़ स्थित कोर कालेज में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता 29 से 30 सितंबर तक चली। जिसमें उत्तराखंड टेक्निकल विश्व विद्यलायों की टीमों ने भाग लिया।

कोर कालेज के विद्यार्थियों ने जी जान से प्रयास किया और ट्राफी को कब्जाने का प्रयास किया। यह मैच नाक आउट के आधार पर खेले गये। जीतने वाली टीम को ओंकार सिंह व ब्रजमोहन द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बस्केट बाल पुरुष वर्ग में कोर कालेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं बिरला इंस्टीयूट अफ भीमताल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग टेबल टेनिस में हइ पोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,वही कोर कलेज महिला वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया पुरुष वर्ग टेबल टेनिश में जीबी पोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वही कोर कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार सिंह वायस चांसलर वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी, डाक्टर ब्रिज मोहन सिंह डायरेक्टर कोर कालेज विकास चौहान, सुनील रावत, रमेश बिष्ट, कोच कोर कालेज दिनेश नेगी आदि मौजूद रहे।